मेरठ में 406 करोड़ से देश का पहला ड्रोन रनवे बनेगा

तैयारी

- पायलट रहित ड्रोन्स का हो सकेगा संचालन
- सैन्य क्षमता मजबूत करने को उठाया कदम

मेरठ, मुख्य संवाददाता। देश की रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में मेरठ नया इतिहास रचने जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद अब भारत का पहला मानव रहित विमान और ड्रोन रनवे मेरठ में बनने जा रहा है। यह रनवे विशेष रूप से ड्रोन्स के परीक्षण और संचालन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इस ड्रोन रनवे को सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सीमाओं की सुरक्षा और आकाश से चौकसी को और अधिक पैना बनाया जा सकेगा। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिया है। बीआरओ के मुख्य अभियंता की ओर से जारी टेंडर नोटिस के अनुसार मेरठ में बनने वाले पहले ड्रोन रनवे के निर्माण पर कुल 406 करोड़ की अनुमानित लागत आएगी। ड्रोन रनवे का निर्माण करीब 900 एकड़ पर होगा। यह प्रोजेक्ट 85 महीनों में पूरा होगा। अब तक देश में ड्रोन का संचालन सामान्य हवाई पट्टियों या छोटे मैदानों से होता रहा है, लेकिन यह पहला मौका है जब विशेष रूप से मानवरहित विमानों और ड्रोन के लिए इतना बड़ा और अत्याधुनिक रनवे तैयार किया जा रहा है। इस पहल से न केवल सैन्य निगरानी बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में आपदा प्रबंधन और रसद पहुंचाने में भी बड़ी मदद मिलेगी।

> संबंधित खबर P05